खण्ड—14 संख्या—7

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

बुधवार, तिथि 30 जनवरी, 1985 ।

विषय सूची ।


| | |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर :— | पृष्ठ |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या :—3, 6, 47, 48, एवं 49 । | 1—9 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या :— 290, 291, 292, 293, 303, 304, 313, 314, 315, 316, 317, 319, 320, 323, 324, 325, 326, 328, 330 एवं 331 । | 9—30 |
| परिशिष्ट-(प्रश्नों के लिखित उत्तर) :— | 31—177 |
| दैनिक निबंध : | 179—180 |


टिप्पणी :—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है, किन्तु पूर्णियां से किशनगंज की दूरी मात्र 80 किलो मीटर है।

(3) ऐसा संभव है कि श्रम अधीक्षक, किशनगंज का मुख्यालय पूर्णियां में रहने से किशनगंज के मजदूरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। किशनगंज में श्रम अधीक्षक के कार्यालय के लिये किराया पर मकान उपलब्ध होते ही उनका कार्यालय किशनगंज में ले आया जायगा।

(4) किशनगंज के कार्यालय के लिये सरकारी भवन उपलब्ध नहीं है। भाड़े पर मकान लेने के संबंध में प्रयास किया जा रहा है एवं मकान उपलब्ध होते ही श्रम अधीक्षक किशनगंज का कार्यालय किशनगंज में ले आया जायगा।

---

शय्या का विस्तार

ब-33. श्री मो० मुश्ताक—क्या मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिले के किशनगंज अनुमंडल में 25 प्रतिशत आबादी टी० बी० रोग से पीड़ित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल के अनुमंडलीय अस्पताल में मात्र 12 शय्या ही टी० बी० रोग के लिए हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में टी० बी० वार्ड की शय्या बढ़ाने हेतु 1981 में तत्कालीन मुख्य मंत्री तथा राज्य मंत्री, स्वास्थ्य द्वारा विभाग को आदेश दिया गया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त अस्पताल में टी० बी० वार्ड की शय्या बढ़ाने हेतु कौन सी कार्रवाई करने जा रही है?

प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य एवं प० क० विभाग—(1) उत्तर नकारात्मक है।

(2) अनुमंडलीय अस्पताल, किशनगंज में मात्र 10 शय्या टी० बी० रोगों के लिये है। अब घरेलू चिकित्सा की पद्धति अपनायी जा रही है।

(3) उपलब्ध कागजातों से यह स्पष्ट नहीं होता है कि इस तरह का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

(4) कंडिका (2) एवं (3) में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

---

कर्मचारियों का पदस्थापन।

पथ-83. श्री रघुनाथ झा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत शिवहर अनुमंडल में सहायक अभियंता, आर० ई० ओ० एवं अन्य कर्मचारियों का पदस्थापन नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक पदस्थापन करने का विचार रखती है ?

प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग—यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत शिवहर अनुमंडल में सहायक अभियंता, आर० ई० ओ० एवं अन्य कर्मचारियों का पदस्थापन नहीं किया गया है। चूंकि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत शिवहर अनुमंडल में सहायक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन का कोई पद स्वीकृत नहीं है। अतः शिवहर अनुमंडल में सहायक अभियंता तथा अन्य कर्मचारियों के पदस्थापन का प्रश्न नहीं उठता है।

---

सड़क का पक्कीकरण।

*पथ-246. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड में ग्राम कोनार से तोरना-तोरनी सड़क सन् 1979-80 में साढ़े पांच किलोमीटर कच्ची सड़क सरकार द्वारा बनाई गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का पक्कीकरण आजतक नहीं किया किया गया है जिससे ग्रामलोगों को वर्षात के समय आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क की पक्कीकरण करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?